Cases against M/s. Thapar Group of Companies

3457. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some of industrial houses are indulging in wilful evasion of various Government taxes, thereby affecting adversely the revenue collections;

(b) if so, what is the total number of cases under Income Tax, Customs and Excise laws pending adjudication or otherwise against Thapar Group of Companies;

(c) what is the break-up of amounts involved case-wise;

(d) what are the details of the cases confirmed by the adjudicating authorities case-wise; and

(e) what action Government are taking to realise the disputed amounts where Courts have granted stay orders ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKHAR MURTHY) : (a) to (e) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

उत्तर प्रदेश से आयकर की वसूली

3458. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश राज्य से इस समय आयकर की वर्षवार वसूली की राशि और इसमें से राज्य को वर्षवार आवंटित राशि कितनी-कितनी है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : विगत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य से आयकर की वसूली की राशि तथा इसमें से उक्त राज्य को वर्षवार आवंटित की गई राशि नीचे दी गई है :—

	उत्तर प्रदेश से आयकर की वसूली (निगम कर शामिल नहीं)	उत्तर प्रदेश को अदा किया गया आयकर का हिस्सा
	(करोड़ रु० में)	
1989–90	318.42	713.08
1990–91	345.35	691.70
1991–92	427.81	857.81

कर-वसूली के लिए निर्धारित लक्ष्य

3459. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रत्यक्ष करों की वसूली का लक्ष्य क्षेत्रवार निर्धारित किया जाता है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान क्षेत्रवार क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए थे और ये किस सीमा तक पूरे हुए हैं; और

(ग) क्या यह सच है कि प्रत्यक्ष करों के लिए निर्धारित लक्ष्य इन करों की संभावित वसूली से कम है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) जी, हां । प्रत्यक्ष कर की वसूली के लक्ष्य मुख्य आयकर आयुक्तों के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के लिए निर्धारित किए जाते हैं ।

(ख) विगत तीन वित्त वर्षों के दौरान निगम कर तथा आयकर के लिए मुख्य आयुक्त के क्षेत्र-वार निर्धारित किए गए लक्ष्यों को तथा उनमें से की गई वसूलियों की राशि को दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है (नीचे देखिए

(ग) जी, नहीं ।